https://jac.jharkhand.gov.in

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

WEB-NOTICE – 04/2026

ज्ञापांक : JAC/गो०/6260/22-Secy/21/2026 दिनांक : 16.01.2026

आकांक्षा परीक्षा, 2026 से संबंधित आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या– 57/2025 के क्रम में सूचित किया जाता है कि आकांक्षा परीक्षा, 2026 से संबंधित भरे जानेवाले परीक्षा आवेदन प्रपत्र से संबंधित जिलावार Online report के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि परीक्षा आवेदन प्रपत्र समुचित संख्या में प्राप्त नहीं हुए हैं। किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए बहुतायत संख्या में परीक्षार्थियों का सम्मिलित होना आवश्यक होता है, ताकि मेधावी छात्रों का चयन किया जा सके। ध्यातब्य हो कि आकांक्षा केन्द्र राज्य सरकार की एक महात्वकांक्षी योजना है और इसमें अति मेधावी छात्र/छात्राओं का चयन किया जाना है। अतः उक्त के आलोक में विज्ञप्ति संख्या– 57/2025 के क्रम में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं संबंधित प्रधानाध्यापकों तथा पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा केन्द्र में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि निम्नवत् रुप से विस्तारित की जाती है :–

क्र० सं०	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि
01.	परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने करने की विस्तारित तिथि	दिनांक 30.01.2026 तक

नोट :– परिषद् द्वारा पूर्व में सभी जिला के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर आवेदन प्रपत्र भराये जाने से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्रांक JAC/गो०/6260/22-Secy/1243/25 दिनांक 30.12.2025 द्वारा निदेशित किया गया था। उक्त के आलोक में अनुरोध है कि सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी अपनी व्यक्तिगत अभिरुचि लेकर उनके जिलान्तर्गत परिषद् द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप आवेदन प्रपत्र भराया जाना सुनिश्चित करेंगे। विज्ञप्ति संख्या– 57/2025 की शेष सभी शर्त्तें यथावत् रहेगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

ज्ञापांक : JAC/गो०/6260/22-Secy/21/2026 / राँची, दिनांक : 16.01.2026

प्रतिलिपि : S.I.O. (वरीय सूचना प्रौद्योगिकी पदाधिकारी), झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित कि उपरोक्त वेब नोटिस को परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड करते हुए तदनुसार आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।